**भ्रमण आख्या जनपद–कुशीनगर**
**दिनांक 21 से 25 अक्टूबर, 2024**

**भ्रमण दल के सदस्य –**

1. डा0 एम0एस0 अहमद, प्रभारी महाप्रबंधक क्वालिटी
2. श्री योगेन्द्र कुमार यादव, एस0एन0सी0यू0 सॉफ्टवेयर को–ऑर्डिनेटर, बाल स्वास्थ्य।
3. श्री सरोज कुमार, वी0एच0एन0डी0 परामर्शदाता।

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 के पत्र संख्या–SPMU/NHM/M&E/2024-25/13/4715-2, दिनांक 18.10.2024 के क्रम में दिनांक–21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024 के मध्य जनपद–कुशीनगर में सी0आर0एम0 भ्रमण से पूर्व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों की तैयारी के सम्बन्ध में राज्य स्तरीय टीम द्वारा जनपद कुशीनगर की निम्नलिखित चिकित्सा इकाईयों में भ्रमण किया गया :–

**भ्रमण की गई चिकित्सा इकाई**

| दिनांक | चिकित्सा इकाई का नाम |
|---|---|
| 21.10.2024 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हाटा |
| 22.10.2024 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपकेन्द्र महुआ खुर्द, आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोदरवार, आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भड़सर। |
| 23.10.2024 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीचक, आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोखरभिण्डा, सी0आई0वी0एच0एन0डी0 सत्र स्थल झागा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र झागा। |
| 24.10.2024 | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली, आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र सिरसिया, आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र अहिरौली, आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिरौली। |
| 25.10.2024 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आयुश्मान आरोग्य मंदिर महुआडीह लौंगरापुर, हाटा, आयुश्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र महुआडीह लौंगरापुर। |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हाटा**

❖ सामान्य बिन्दु

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित था। मुख्य सड़क मार्ग पर चिकित्सालय का रोड साइड साइनेज बोर्ड नही था।
- सिटिजन चार्टर एवं चिकित्सालय द्वारा मरीजों को उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं का विवरण, ऐरो मार्क इंगित नहीं किया गया था।
- मुख्य द्वार एवं चिकित्सालय परिसर में पब्लिक वाहन अस्त व्यस्त अवस्था में खडे थे। चिकित्सालय परिसर में पार्किंग हेतु स्थान चिन्हित नही किया गया था। आवारा पशुओं को रोकने हेतु कैटल ट्रैकिंग नहीं किया गया था।
- चिकित्सालय बिल्डिंग एवं परिसर की साफ सफाई संतोषजनक नही थी, सीलिंग फैन, वॉशबेसिन एवं टायलेट गन्दे थे। कई नल टूटे हुये थे। पानी टंकियों की सफाई नहीं की गई थी।
- मरीजों के पीने हेतु वाटर मशीन की सुविधा उपलब्ध है परन्तु वाटर मशीन के पास ज्यादा गंदगी पायी गयी।
- वेटिंग एरिया में ऑडियो विजुअल की व्यवस्था नहीं थी
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे कार्यरत चिकित्साधिकारियों की सूची अद्यतन नही थी।
- कलर कोडेड डस्टबिन विद बैग किसी भी कक्ष में प्रोटोकाल के अनुसार व्यवस्थित नहीं था।
- बिजली के वायर जगह–जगह लटके पाये गये। खिड़कियों में मास्कयूटो नेट नहीं लगाये गये थे।
- बी0पी0एच0 यूनिट का निर्माण पूर्ण हो चुका था परन्तु अभी तक हैण्डओवर नहीं किया गया है।
- ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि उनके पास पी0सी0एम0 सिरप एवं आयरन सिरप विगत कई माह से सी0एच0सी0 द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है।
- ए0एन0एम0 एवं सी0एच0ओ0 बैठक में स्टेट टीम द्वारा प्रतिभाग कर उनके क्षमता का आंकलन करने पर पाया गया कि उन्हें वी0एच0एन0डी0 सत्र पर न्यूनतम औषधि एवं वैक्सीन की न्यूनतम उपलब्धता के संबंध में जानकारी नहीं है। ए0एन0एम0 एवं सी0एच0ओ0 को बाल मृत्यु समीक्षा एवं एस0एन0सी0यू0, एन0आर0सी0 के बारे में भी कम जानकारी थी। अतः उन्हें संवेदीकरण एवं क्षमतावर्द्धन हेतु ब्लाक स्तरीय ट्रेनिंग कराये जाने की

आवश्यकता है।

- हेल्थ ए0टी0एम0 अक्रियाशील अवस्था में पाया गया।

❖ **औषधि भण्डारण एवं वितरण**

- औषधि भण्डारण कक्ष अत्यंत छोटा एवं भण्डारित औषधियों हेतू सूचक नही लगे थे।
- फार्मेसी मे उपलब्ध रजिस्टर अद्युनान्त नहीं था एवं डेली कन्ज्यूमेबल रजिस्टर भरा नहीं जा रहा था।
- स्टोर में दवा, उपकरण एवं सामग्री अस्त व्यस्त अवस्था में थी।
- अभिलेखों का रखरखाव उचित नहीं था एवं एक्सपायरी रजिस्टर नहीं था।
- निर्धारित ई0डी0एल0 की सूची वितरण कक्ष के बाहर प्रदर्शित नहीं थी।

❖ **पैथोलॉजी**

- लैब में कौन–कौन सी जॉच की जाती है उनकी सूची प्रदर्शित नही थी। लैब कक्ष में फर्निचर, रिकार्ड रजिस्टर अस्त व्यस्त अवस्था में पाये गये।
- लैब में कलर कोडेड डस्टबिन एवं बैग नहीं था। बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधक का अनुपालन. नहीं किया जा रहा था।

❖ **प्रसव कक्ष एवं एन0बी0सी0सी0**

- प्रसव कक्ष नवनिर्मित भवन में एक सप्ताह पहले शिफ्ट किया गया है। प्रसव कक्ष में दो लेबर टेबल के मध्य पार्टिशन था। प्रसव कक्ष में रनिंग वाटर नहीं था। प्रसव कक्ष के बाहर शू रैक नही रखा गया था।
- प्रसव कक्ष, न्यू बॉर्न केयर कॉर्नर, वार्ड एवं प्रतिक्षालय एरिया में मानकानुरूप बैनर चस्पा नहीं किये गये थे। दीवारों पर विभिन्न प्रकार के पुराने पोस्टर एवं बैनर चस्पा थे। प्रोटोकॉल पोस्टर भी दिशा–निर्देश के अनुरूप चस्पा नही थे।
- न्यू बॉर्न केयर कॉर्नर पर मानकानुसार बेबी टॉवेल एवं अन्य औषधियां, उपकरण आदि उपलब्ध नहीं थे। रेडिएण्ट वार्मर में टेम्प्रेचर आटो कट अक्रियाशील था।
- प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स का डयूटी रोस्टर नहीं बनाया गया था।
- लेबर रूम में 07 ट्रे मानकानुरुप अव्यवस्थित थी। विटामिन K माह अगस्त 2024 से अनुउपलब्ध था जिसका इन्डेन्ट स्टाफ नर्स द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2024 को किया गया था। इसकी आपूर्ति अभी तक नहीं की गई है।
- डिजिटल वाच नहीं था।
- स्टाफ को वेस्ट सेग्रीगेशन की जानकारी नहीं थी। बी0एम0डब्लू0 बेस्ट का सेग्रीगेशन नियमानुसार नही किया जा रहा था। कलर कोडेड डस्टबिन विद बैग प्रोटोकाल के अनुसार व्यवस्थित नहीं था।
- अभिलेखों एवं केस शीट में अपूर्ण सूचना भरी थी एवं अभिलेखों का रख रखाव सही तरीके से नहीं था।
- प्रसव उपरान्त लाभार्थी को मंत्र ऐप एवं यूविन पोर्टल पर प्रविष्ट पूर्ण नहीं थी।
- आक्सीजन सीलेन्डर था परन्तु उसका लाग बुक अद्यतन नहीं थी।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत मरीजों को डाईट नहीं दिया जा रहा है।
- न्यू बोर्न बेबी को 24 घण्टे के अन्दर हेपेटाइटिस बर्थ डोज से टीकाकरण नहीं किया जा रहा है।

❖ **ओ0टी0**

- ओ0टी0 कक्ष व्यवस्थित नहीं था।
- ऑटोक्लेव क्रियाशील नहीं था और न ही लॉग बुक था।

❖ **एम्बुलेंस**

- परिसर में उपलब्ध 102/108 एम्बुलेंस में ऑक्सीजन सिलिण्डर उपलब्ध था।
- आकस्मिक औषधियां मानकानुरूप संयोजित नही थी तथा पुराने एवं गंदा कॉटन पड़े हुये थे।
- एम्बुलेंस की साफ–सफाई उचित प्रकार से नहीं की जा रही थी एवं ड्रग लिस्ट की सूची अद्यतन नहीं थी।

❖ **कोल्ड चेन रूम एवं टीकाकरण**

- सी0एच0सी0 का आर0आई0 माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था। साथ ही ए0वी0डी0 एंव सुपरवाइजर प्लान अनुपलब्ध था।
- कोल्ड चेन रूम में मानकानुरुप सभी 9 पोस्टर चस्पा नही किये गये थे। चिकित्सालय में कहीं भी टीकाकरण सारणी का वाल पेंटिंग नहीं किया गया था।

- वैक्सीन स्टॉक रजिस्टर, वैक्सीन डिस्ट्रिब्यूशन रजिस्टर एवं अन्य रिकार्ड उपलब्ध था।
- टेम्प्रेचर लॉगर खराब था। कोल्ड चेन रूम में एक्जॉस्ट फैन नहीं था।
- आई0एल0आर0 में उपलब्ध वैक्सीन का फिजिकल मिलान किया गया जो स्टाक रजिस्टर से भिन्न था। रजिस्टर के अनुसार एम0आर0 520 वायल तथा फिजिकल 1550 वायल था।
- ए0ई0एफ0आई0 रजिस्टर नहीं पाया गया।

❖ **परिवार नियोजन परामर्श केन्द्र**

- कक्ष पर अंकित नाम एवं कक्ष के उपयोगिता में अन्तर पाया गया। KMC कक्ष का उपयोग फेमिली प्लानिंग काउंसलर द्वारा किया जा रहा है।
- कण्डोम बॉक्स इकाई परिसर में नही पाये गये।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज

❖ **सामान्य बिन्दु**

- मुख्य द्वार एवं चिकित्सालय परिसर में पब्लिक वाहन अस्त व्यस्त अवस्था में खडे थे। चिकित्सालय परिसर में पार्किंग हेतु स्थान चिन्हित नही किया गया था।
- चिकित्सालय बिल्डिंग एवं परिसर की साफ सफाई संतोषजनक नही थी, सीलिंग फैन, वॉशबेसिन एवं टायलेट गन्दे थे। हर्बल गार्डेन नहीं था।
- बिजली के वायर जगह–जगह लटके पाये गये। खिड़कियों में मास्कयूटो नेट नहीं लगाये गये थें।
- सिटिजन चार्टर एवं चिकित्सालय द्वारा मरीजों को उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं का विवरण, ऐरो मार्क इंगित नहीं किया गया था।
- वेटिंग एरिया में आडियो विजुअल की ब्यवस्था नहीं थी
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे कार्यरत चिकित्साधिकारियों की सूची वाल पेन्टिंग थी, जो अद्यतन नही थी।
- लक्ष्य के सापेक्ष सी0डी0आर0 कमेटी द्वारा बाल मृत्यु की समीक्षा नहीं की जा रही है।
- इक्यूपमेंट ब्रेक डाउन की सूचना अद्युनान्त करने हेतु पृथक से रजिस्टर नहीं बने हुये थे एवं स्टाफ के पास सायरेक्स कम्पनी का कन्टैक्ट नम्बर नहीं था।
- पेय जल की सुविधा समुचित नहीं थी।
- सुरक्षा उपकरण के संचालन हेतु स्टाफ को प्रशिक्षित नहीं किया गया था।

❖ **ओ0पी0डी0 एवं इमरजेंसी कक्ष**

- बाल ओ0पी0डी0 कक्ष में बच्चों के वजन जॉच एवं लम्बाई की माप हेतु वजन मशीन तथा इन्फैण्टोमीटर नहीं था।
- महिला ओ0पी0डी0 कक्ष बन्द था।
- दन्त चिकित्सक कक्ष की साफ–सफाई संतोषजनक नहीं थी। उक्त कक्ष में डेन्टल चेयर खराब अवस्था में पाया गया। अटैच बाथरूम भी काफी गन्दा था।
- टी0बी0 यूनिट बन्द पाया गया।
- इमरजेंसी कक्ष में ऑक्सीजन सिलिण्डर नहीं पाया गया। सिर्फ सिलिण्डर स्टैण्ड था।
- आई0ओ0पी0डी0 कन्डम बिल्डिंग में संचालित है, जो मानकानुरूप नहीं है।
- एक्स–रे कक्ष में एक्स रे टेबल, रेडिएशन प्रोटेक्शन पैनल एवं एक्सरे फिल्म नहीं था।
- हेल्थ ए0टी0एम0 खराब था।

❖ **प्रसव कक्ष एवं एन0बी0एस0यू0**

- चिकित्सालय में नार्मल डिलेवरी के साथ हीं सिजेरियन डिलेवरी की भी सुविधा उपलब्ध है। प्रत्येक माह लगभग 8 सिजेरियल डिलेवरी किया जाता है।
- प्रसव कक्ष प्रोटोकॉल पोस्टर दिशा–निर्देश के अनुरूप चस्पा नही थे।
- लेबर रूम में 07 ट्रे मानकानुरुप व्यवस्थित थी। विटामिन K उपलब्ध था।
- अभिलेखों एवं केस सीट में अपूर्ण सूचना भरी थी एवं अभिलेखों का रख रखाव सही तरीके से नहीं था।
- प्रसव उपरान्त लाभार्थी को मंत्र ऐप एवं यूविन पोर्टल पर प्रविष्ट किया जा रहा था।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत मानकानुरूप मरीजों को डाईट नहीं दिया जा रहा है।
- स्टाफ को वेस्ट सेग्रीगेशन की जानकारी नहीं थी। बी0एम0डब्लयू0 बेस्ट का सेग्रीगेशन नियमानुसार नही किया

जा रहा था। कलर कोडेड डस्टबिन विद बैग प्रोटोकाल के अनुसार व्यवस्थित नहीं था।

- आक्सीजन सीलेन्डर का लाग बुक अद्यतन नहीं थी।
- सभी न्यू बोर्न बेबी को 24 घण्टे के अन्दर हेपेटाइटिस बर्थ डोज से टीकाकरण नहीं किया जा रहा है।
- अप्रैल 2024 से अबतक कुल 106 बच्चों का एन0बी0एस0यू0 में एडमिशन किया गया था। मानकानुसार 4 रेडिएण्ट वार्मर के सापेक्ष केवल 2 रेडिएण्ट वार्मर की उपलब्धता थी। प्रोटोकाल पोस्टर चस्पा नहीं किये गये थे एवं रजिस्टर एवं केस शीट उपलब्ध नहीं थे।
- एन0बी0एस0यू0 के संचालन हेतु मानकानुरूप पर्याप्त जगह नहीं था।
- कई ऑक्सीजन कन्संट्रेटर अक्रियाशील अवस्था में पाया गया।

❖ **ओ0टी0**

- ओ0टी0 कक्ष व्यवस्थित था।
- आटोक्लेव क्रियाशील नहीं था और न ही लॉग बुक था।

❖ **कोल्ड चेन रूम एवं टीकाकरण**

- सी0एच0सी0 का आर0आई0 माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था।
- कोल्ड चेन रूम में मानकानुरूप सभी 9 पोस्टर चस्पा नही किये गये थे। चिकित्सालय में कहीं भी टीकाकरण सारणी का वाल पेन्टिंग नहीं किया गया था।
- वैक्सीन स्टाक रजिस्टर, वैक्सीन डिस्ट्रिब्यूशन रजिस्टर एवं अन्य रिकार्ड अद्युनान्त पाया गया।
- टेम्प्रेचर लॉगर खराब था।
- आई0एल0आर0 में उपलब्ध वैक्सीन का फिजिकल मिलान किया गया जो स्टाक रजिस्टर के अनुसार सही था।
- ए0ई0एफ0आई0 रजिस्टर नहीं पाया गया।

❖ **एम्बुलेंस**

- परिसर में उपलब्ध 102/108 एम्बुलेंस की साफ–सफाई संतोषजनक नहीं थी।
- आकस्मिक औषधियां मानकानुरूप संयोजित नही थी। पुराने एवं गंदा कॉटन पड़े हुये थे।
- एम्बुलेंस का डेली व्हेकिल चेक लिस्ट अद्युनान्त नहीं था।

❖ **आर0बी0एस0के0**

- आर0बी0एस0के0 की 2 टीमें कार्यरत हैं तथा टीम के लिये चिकित्सालय में कक्ष आवंटित नहीं किया गया था।
- माइक्रोप्लान के अनुसार आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। माइक्रोप्लान के अनुसार आर0बी0एस0के0 टीम के लॉग बुक एवं विजिट प्लान में भिन्नता पायी गयी।
- टीम के पास ई0डी0एल0 के अनुसार उपकरण एवं औषधियां उपलब्ध नहीं पायी गयी।
- टीम के पास लैपटॉप नहीं था। बच्चों के हाइट माप हेतु इन्फैन्टोमीटर टीम के पास उपलब्ध नहीं था।
- टीम के द्वारा स्क्रीनिंग रजिस्टर में सिर्फ बच्चों का नाम, वजन एवं बच्चे की हाइट लिखा जा रहा है। विगत माह में किसी बच्चे को एन0आर0सी0 रेफर नहीं किया गया है। माह अप्रैल 2024 से अब तक मात्र 2 बच्चों को रेफर किया गया था, जिसका रिकार्ड अभिलेख में नहीं पाया गया।

❖ **स्टोर रूम–** कई नवीन उपकरण, प्रिंटर, बल्ब, डस्टबिन, ट्यूबलाइट, निबुलाइजर आदि पैक किये हुए स्टोर रूम में रखे हुए थे जिनका उपयोग वार्ड एवं अन्य जगह किया जा सकता था। पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन कंसन्ट्रेटर सील रखे हुए थे।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उपकेन्द्र महुअवा खुद,**

- उपकेन्द्र पुराने भवन में संचालित है। भवन की स्थिति एवं साफ–सफाई संतोषजनक नहीं थी।
- उपकेन्द्र पर प्रसव की सुविधा उपलब्ध है। बर्थ डोज टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं है। प्रसव कक्ष में साफ–सफाई नहीं था एवं दुर्गंध था।
- आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भवन एवं अंदर में साफ–सफाई संतोषजनक था।
- मुख्य सड़क से आयुष्मान आरोग्य मंदिर जाने के रास्ते में काफी घास फूस जमा हुआ था, जिसे सफाई कराने की आवश्यकता है।
- ई0डी0एल के अनुसार औषधियां नहीं थी। स्टाक रजिस्टर अनुपलब्ध था।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोदरवार**

- भवन में निर्माण कार्य एवं फ्लोर पर टाइल्स लगाने का कार्य चल रहा था।
- भ्रमण के समय तक चिकित्सक द्वारा 42 ओ0पी0डी0 किया गया था।
- विगत 1 माह में कुल 30 प्रसव हुये हैं परन्तु प्रसव लाभार्थियों को मानकानुरूप जे0एस0एस0के0 डाइट नहीं दिया जा रहा है।
- बर्थ डोज टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं है।
- निर्माण कार्य चलने के कारण लैब, फार्मेसी एवं अन्य कक्षों में अभिलेख, रिकार्ड तथा औषधियां अस्त व्यस्त अवस्था में थें।
- फार्मेसी का स्टाक रजिस्टर अद्युनान्त नहीं था।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भड़सर।**

- परिसर में घास–फूस जमे हुये थे एवं चिकित्सालय की साफ सफाई संतोषजनक नहीं थी।
- भ्रमण के समय तक चिकित्सक द्वारा 22 ओ0पी0डी0 किया गया था। ओ0पी0डी0 कक्ष में पर्याप्त रोशनी का अभाव था।
- प्रसव की सुविधा उपलब्ध नहीं है।
- शौचालय एवं रनिंग वाटर की सुविधा नहीं है।
- सिटिजन चार्टर एवं उपलब्ध सेवाओं की सूची प्रदर्शित नहीं थी।
- बाउण्ड्री नहीं की गयी थी।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीचक**

❖ **सामान्य बिन्दु**

- चिकित्सालय परिसर में पार्किंग हेतु स्थान चिन्हित नही किया गया था।
- चिकित्सालय बिल्डिंग एवं परिसर की साफ सफाई संतोषजनक नही थी, सीलिंग फैन, वॉशबेसिन एवं टायलेट गन्दे थे। हर्बल गार्डेन नहीं था।
- बिजली के वायर जगह–जगह लटके पाये गये। खिड़कियों में मॉस्कयूटो नेट नहीं लगाये गये थें।
- सिटिजन चार्टर एवं चिकित्सालय द्वारा मरीजों को उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं का विवरण, ऐरो मार्क इंगित नहीं किया गया था।
- वेटिंग एरिया में आडियो विजुअल की व्यवस्था नहीं थी।
- चिकित्सालय में कई कमरों को स्टोर के रूप में प्रयोग में लाया जा रहा है।
- हेल्थ ए0ए0टी0एम0 अक्रियाशील अवस्था में पाया गया।
- कंडोम बाक्स खाली पड़े थे।

❖ **प्रसव कक्ष एवं एन0बी0एस0यू0**

- प्रसव कक्ष प्रोटोकॉल पोस्टर दिशा–निर्देश के अनुरूप चस्पा नही थे।
- प्रसव कक्ष में वाल क्लॉक एवं रूम थर्मोमीटर उपलबध नहीं था।
- 07 ट्रे मानकानुरुप व्यवस्थित थी। विटामिन K उपलब्ध था।
- अभिलेखों एवं केस सीट में अपूर्ण सूचना भरी थी एवं अभिलेखों का रख रखाव सही तरीके से नहीं था।
- प्रसव उपरान्त लाभार्थी को मंत्र ऐप एवं यूविन पोर्टल पर प्रविष्ट किया जा रहा था।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत मानकानुरूप मरीजों को डाईट नहीं दिया जा रहा है।
- स्टाफ को वेस्ट सेग्रीगेशन की जानकारी नहीं थी। बी0एम0डब्लू0 बेस्ट का सेग्रीगेशन नियमानुसार नही किया जा रहा था। कलर कोडेड डस्टबिन विद बैग प्रोटोकाल के अनुसार व्यवस्थित नहीं था।
- आक्सीजन सीलेन्डर का लाग बुक अद्यतन नहीं थी।
- न्यू बोर्न बेबी को 24 घण्टे के अन्दर हेपेटाइटिस बर्थ डोज से टीकाकरण नहीं किया जा रहा है।

❖ **ओ0टी0**

- ओ0टी0 कक्ष ब्यवस्थित नहीं था।
- आटोक्लेव क्रियाशील नहीं था और न ही लॉग बुक था।

- ❖ **कोल्ड चेन रूम एवं टीकाकरण**
  - सी0एच0सी0 का आर0आई0 माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था।
  - कोल्ड चेन रूम में मानकानुरूप सभी 9 पोस्टर चस्पा नही किये गये थे। चिकित्सालय में कहीं भी टीकाकरण सारणी का वाल पेन्टिंग नहीं किया गया था।
- ❖ **एम्बुलेंस**
  - परिसर में उपलब्ध 102/108 एम्बुलेंस की साफ–सफाई संतोषजनक नहीं थी।
  - आकस्मिक औषधियां मानकानुरूप संयोजित नही थी। पुराने एवं गंदे कॉटन पड़े हुये थे।
  - एम्बुलेंस का डेली व्हेकिल चेक लिस्ट अद्युनान्त नहीं था।

**सी0आई0वी0एच0एन0डी0 सत्र स्थल झागा, मोतीचक**

- सत्र स्थल पर आई0ई0सी0 बैनर मानक के अनुरूप उपलब्ध थे।
- इसी स्थान पर पिछला सत्र दिनांक 26 सितम्बर 2024 को आयोजित था जबकि आज का सत्र दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को संचालित है जो कि सत्र अंतराल 28 दिन से कम आयोजित होने पर पिछले सत्र के ड्यू लाभार्थियों का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है।
- ए0एन0एम0 के पास माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था। किसी भी प्रकार का अभिलेख एवं रिकार्ड (आशा डायरी, आर0सी0एच0 रजिस्टर, ड्यू लिस्ट, सर्वे रजिस्टर) अद्युनान्त नहीं था।
- मानकानुरूप जॉच उपकरण, लॉजिस्टिक्स एवं औषधि उपलब्ध नहीं था।
- प्रिंटेड ए0एन0सी0 रजिस्टर उपलब्ध नहीं था।
- आई0एफ0ए0 सिरप मानकानुसार 50 एम0एल0 विद आटो डिस्पेंसर उपलब्ध नहीं था।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुकरौली**

- ❖ सामान्य बिन्दु
  - सिटिजन चार्टर एवं चिकित्सालय द्वारा मरीजों को उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं का विवरण, ऐरो मार्क इंगित नहीं किया गया था।
  - चिकित्सालय परिसर में पार्किंग हेतु स्थान चिन्हित नही किया गया था। आवारा पशुओं को रोकने हेतु कैटल ट्रैकिंग नहीं किया गया था।
  - चिकित्सालय बिल्डिंग एवं परिसर की साफ सफाई संतोषजनक नही थी, सीलिंग फैन, वॉशबेसिन एवं टायलेट गन्दे थे। कई नल टूटे हुये थें। पानी टंकियों की सफाई नहीं की गई थी।
  - वेटिंग एरिया में ऑडियो विजुअल की व्यवस्था नहीं थी
  - कलर कोडेड डस्टबिन विद बैग किसी भी कक्ष में प्रोटोकाल के अनुसार व्यवस्थित नहीं था।
  - खिड़कियों में मॉस्कयूटो नेट नहीं लगाये गये थें।
  - बाल एवं मातृ मृत्यु की समीक्षा एवं डाटा ऑडिट हेतु कमेटी बनायी गयी थी एवं मासिक रूप से समीक्षा की जा रही है।
  - एक्सरे फिल्म समाप्त हो गया था जिसका इन्डेन्ट टेक्निशियन द्वारा माह सितम्बर 2024 में किया गया था। फिल्म की आपूर्ति अभी तक नहीं की गयी है।
- ❖ **प्रसव कक्ष एवं एन0बी0एस0यू0**
  - प्रसव कक्ष में प्रोटोकॉल पोस्टर दिशा–निर्देश के अनुरूप चस्पा नहीं थे।
  - 07 ट्रे मानकानुरुप व्यवस्थित नहीं थी। विटामिन K उपलब्ध था।
  - अभिलेखों एवं केस सीट में अपूर्ण सूचना भरी थी एवं अभिलेखों का रख रखाव सही तरीके से नहीं था।
  - प्रसव उपरान्त लाभार्थी को मंत्र ऐप एवं यूविन पोर्टल पर प्रविष्ट किया जा रहा था।
  - जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत मानकानुरुप मरीजों को डाईट नहीं दिया जा रहा है।
  - स्टाफ को वेस्ट सेग्रीगेशन की जानकारी नहीं थी। बी0एम0डब्लू0 बेस्ट का सेग्रीगेशन नियमानुसार नही किया जा रहा था। कलर कोडेड डस्टबिन विद बैग प्रोटोकाल के अनुसार व्यवस्थित नहीं था।
  - ऑक्सीजन सीलेन्डर का लाग बुक अद्यतन नहीं थी।
  - न्यू बोर्न बेबी को 24 घण्टे के अन्दर हेपेटाइटिस बर्थ डोज से टीकाकरण नहीं किया जा रहा है।

- एन0बी0एस0यू0 कक्ष में 4 रेडिएण्ट वार्मर, 2 फोटोथैरेपी मशीन क्रियाशील थी, परन्तु एन0बी0एस0यू0 कक्ष में शौचालय था, जो कि मानकानुसार उचित नहीं है एवं इस हेतु प्रर्याप्त स्थन उपलब्ध नहीं था। केस शीट एवं भर्ती रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। बच्चों का उपचार नहीं किया जा रहा था। स्टाफ नर्स को प्रशिक्षित किये जाने की आवश्यकता है।

❖ **ओ0टी0**

- ओ0टी0 कक्ष व्यवस्थित नहीं था।

❖ **कोल्ड चेन रूम एवं टीकाकरण**

- सी0एच0सी0 का आर0आई0 माइक्रोप्लान उपलब्ध नहीं था।
- कौल्ड चेन रूम में मानकानुरूप सभी 9 पोस्टर चस्पा नही किये गये थे। चिकित्सालय में कहीं भी टीकाकरण सारणी का वाल पेन्टिंग नहीं किया गया था।
- टेम्प्रेचर लॉगर खराब था।

❖ **स्टोर रूम**

- स्टोर रूम में नवीन कलर कोडेड डस्टबिन रखे हुये थें जबकि ओ0पी0डी0 एवं चिकित्सालय परिसर में डस्टबिन की आवश्यकता थी।
- आक्सीजन कंसन्ट्रेटर एवं अन्य उपकरण भी रखे हुए थे जिसका उपयोग चिकित्सकीय कार्य में किया जा सकता था।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र सिरसिया**

- परिसर में घास–फूस जमे हुये थे एवं चिकित्सालय की साफ सफाई संतोषजनक नहीं थी।
- भ्रमण के समय तक सी0एच0ओ0 द्वारा 16 ओ0पी0डी0 किया गया था। ओ0पी0डी0 कक्ष में पर्याप्त रोशनी का अभाव था।
- प्रिन्टेड एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग रजिस्टर का उपयोग नहीं किया जा रहा था।
- लक्ष्य के सापेक्ष CBAC form भरा नहीं गया था।
- सिटिजन चार्टर एवं उपलब्ध सेवाओं की सूची प्रदर्शित नहीं थी।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र अहिरौली, आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिरौली**

- परिसर में घास–फूस जमे हुये थे एवं 102 एम्बुलेंस खराब अवस्था में खड़ी थी।
- चिकित्सालय में साफ–सफाई का कार्य एवं रंग रोगन का कार्य चल रहा था जिसके कारण ओ0पी0डी0, लैब व अन्य सेवायें संचालित नहीं की जा रही थी।
- भ्रमण के समय सिर्फ चिकित्सक एवं फर्मासिस्ट उपलब्ध थे। शेष स्टाफ अनुपस्थित पाये गये।
- रनिंग वाटर एवं रोशनी की सुविधा नहीं थी।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महुआडीह लौंगरापुर, हाटा**

- परिसर में घास–फूस जमे हुये थे एवं चिकित्सालय की साफ सफाई संतोषजनक नहीं थी।
- भ्रमण के समय तक चिकित्सक द्वारा 20 ओ0पी0डी0 किया गया था।
- हेल्थ ए0टी0एम0 मशीन अक्रियाशील था।
- मोटर जल जाने के कारण पानी की आपूर्ति बाधित थी।
- प्रसव की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।
- सिटिजन चार्टर एवं उपलब्ध सेवाओं की सूची प्रदर्शित नहीं थी।
- लैब टेक्निशियन द्वारा की जाने वाली जॉच की सूची प्रदर्शित नहीं थी। डेंगू किट एवं अन्य जॉच किट उपलब्ध नहीं था।

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र महुआडीह लौंगरापुर, हाटा**

- परिसर में घास–फूस जमे हुये थे एवं चिकित्सालय की साफ सफाई संतोषजनक नहीं थी।
- उपकेन्द्र का बाउंड्री जीर्ण शीर्ण अवस्था में था।
- भ्रमण के समय तक सी0एच0ओ0 द्वारा 15 ओ0पी0डी0 किया गया था।
- प्रिन्टेड एन0सी0डी0 रजिस्टर का उपयोग सी0एच0ओ0 द्वारा नहीं किया जा रहा था।

- रेडिएण्ड वार्मर कार्टून में पैक था।
- दिनांक 21–08–2024 से 20–09–2024 तक कुल 12 प्रसव हुये थें। भ्रमण जॉच टीम को बताया गया कि दिनांक 22–10–2024 को प्रसव कराया गया है परन्तु प्रसव रजिस्टर में अद्युनान्त नहीं किया गया है।
- सिटिजन चार्टर एवं उपलब्ध सेवाओं की सूची प्रदर्शित नहीं थी।
- वजन जॉच मशीन एवं इन्फैंटोमीटर खराब अवस्था में पाया गया।

उपरोक्त पॉचों दिवसों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी आर0सी0एच0 के साथ समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, नोडल अधिकारी, डी0पी0एम0 एवं राज्य स्तरीय टीम के सदस्थ्य उपस्थित थे। राज्य स्तरीय टीम द्वारा किये गये पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों को मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिलाधिकारी कुशीनगर को अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कुशीनगर द्वारा समस्त पायी गयी कमियों पर त्वरित कार्यवाही एवं अतिशीघ्र अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये गये।

Yogendra | 28.10.2024 | 
---|---|---
**योगेन्द्र कुमार यादव** | **सरोज कुमार** | **डा0 एम0एस0 अहमद**
एस0एन0सी0यू0 साफ्टवेयर को–ऑर्डिनेटर (बाल स्वास्थ्य) | डी0एच0एन0डी0 परामर्शदाता (आर0आई0) | प्रभारी महाप्रबन्धक (क्यू0ए0)